# अनुसूचित जनजाति एवं निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के बैकलॉग रिक्तियों को भरे जाने हेतु विशेष भर्ती अभियान – तृतीय प्रयास

एनएचडीसी लिमिटेड, जो कि एनएचपीसी एवं मध्य प्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम है एवं मध्य प्रदेश में जल विद्युत के उत्पादन एवं विकास में संलग्न है, भारतीय नागरिकों से निम्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है ।

**आशुलिपिक (अंग्रेजी/हिंदी) (डब्ल्यू–4) वेतनमान रू. 5800–3%–10790 (आईडीए) (संशोधन–पूर्व वेतन)**

**पदों की संख्या : अनुसूचित जनजाति – 02 पद**

**अधिकतम आयु सीमा** : 35 वर्ष (नियमानुसार 5 वर्ष की छूट सहित)

**न्यूनतम योग्यता** : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक, कम्प्यूटर पर हिंदी आशुलिपि एवं टंकण गति 80/30 श0प्र0मि0 तथा अंग्रेजी आशुलिपि एवं टंकण गति 80/40 श0प्र0मि0 का क्षमता । मान्यता प्राप्त संस्था से सेकेट्रीयल प्रेक्टिस का डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र रखने वाले को वरियता दी जाएगी ।

**अनुभव** : शैक्षणिक योग्यता पश्चात आशुलिपिक क्षेत्र में 2 वर्ष का अनुभव । जल विद्युत क्षेत्र में अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी ।

**हिन्दी अनुवादक (डब्ल्यू–6) वेतनमान रू. 7200–3.5%–13100 (आईडीए) (संशोधन–पूर्व वेतन)**

**पदों की संख्या : 01 पद ( Visually Disabled व्यक्ति के लिये आरक्षित )**

**अधिकतम आयु सीमा** : **40 वर्ष** (नियमानुसार 10 वर्ष की छूट सहित)

**न्यूनतम योग्यता** : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री एवं साथ में स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक चुने गये विषय के रूप में रहा हो अथवा अंग्रेजी में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर डिग्री और साथ में स्नातक स्तर पर हिन्दी एक चुने गये विषय के रूप में रहा हो ।

**अनुभव** : शैक्षणिक योग्यता के पश्चात् संबंधित क्षेत्र में दो साल का अनुभव जो हिन्दी में टर्मिनोलॉजी के काम का हो और/या अंग्रेजी से हिन्दी तथा हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद का मुख्यतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य का हो जो कि केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ख्यातिप्राप्त प्रकाशन घराना में हो या लेखन अथवा हिन्दी में पत्रकारिता का अनुभव हो । जल विद्युत क्षेत्र में अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी ।

**अपेक्षित** : (i) स्थानीय भाषा/बोली का ज्ञान जो इलाके में प्रचलित है । (ii) संस्कृत और/या किसी भी आधुनिक भारतीय भाषा का ज्ञान । (iii) नोटिंग और ड्राफ्टिंग के लिये हिन्दी कक्षा या कार्यशाला के आयोजन का अनुभव । (iv) प्रशासनिक अनुभव ।

## सामान्य जानकारी :–

1– केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं ।

2– आवेदन करने से पूर्व आवेदक यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि वह विज्ञापन में दिए गए आवश्यक अर्हताओं को पूर्ण रूप से रखते हैं ।

3– नियुक्ति की प्रक्रिया के दौरान अथवा कार्यभार ग्रहण पश्चात यह कभी भी पाया जाता है कि आवेदक द्वारा दी गई जानकारियां गलत हैं अथवा वे वांछित अर्हताएं नहीं रखते हैं तो उनके आवेदन को रद्द कर दिया जाएगा ।

4– दर्शाए गए पदों की संख्या अस्थाई हैं, एवं पदों को आवश्यकतानुसार भरा जाएगा ।

5– प्रबंधन को अर्हताओं में शिथिलिता करने का अधिकार होगा । निगम को यह भी अधिकार होगा कि आवेदक के अनुभव / क्षमता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें विज्ञापित पद से एक पद नीचे पर विचार कर सके ।

6– उक्त पदों पर चयन लिखित परीक्षा अथवा / एवं साक्षात्कार के माध्यम से होगा, जो कि भोपाल में किए जाने की संभावना है । भोपाल से बाहर के अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा अथवा / एवं साक्षात्कार में सम्मिलित होने के लिए उन्हें द्वितीय श्रेणी का रेल किराया / साधारण बस किराया लघुत्तम मार्ग से प्रमाण–पत्र प्रस्तुंत करने पर दिया जाएगा।

7– जो अभ्यर्थी शासकीय/अर्द्ध शासकीय/सार्वजनिक उपक्रम में कार्य कर रहे हैं उन्हें अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना होगा अथवा साक्षात्कार के समय अपने विभाग का ''अनापत्ति प्रमाण–पत्र'' प्रस्तुत करना होगा अन्यथा उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जा सकेगा ।

8– निगम को यह अधिकार होगा कि वे केवल उन अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के लिए आमंत्रित करेंगे, जो कि योग्यता के क्रम में उच्च हैं । योग्यता मात्र रखने से आवेदक को यह अधिकार नहीं होगा कि उन्हें चयन प्रक्रिया के लिए आमंत्रित किया जाए । निगम को यह भी अधिकार होगा कि वह पदों को निरस्त/संशोधन/सीमित/विस्तार अथवा चयन प्रक्रिया में बिना किसी नोटिस एवं कारण के संशोधन कर सकेंगे ।

9– चयनित अभ्यर्थियों को परियोजना /इकाई/कार्यालय में भारत में कहीं भी पदस्थ किया जा सकता है।

10– चयन प्रक्रिया के दौरान पक्ष प्रचार अथवा चयन प्रक्रिया को प्रभावित करना आवेदकों के अयोग्यता का आधार होगा ।

11– विवाद की स्थिति में विधिक क्षेत्राधिकार भोपाल होगा ।

12– अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के ऐसे अभ्यर्थी, जो कि विकलांग श्रेणी में अथवा भूतपूर्व सैनिक अथवा जम्मू कश्मीर प्रवासी (जम्मू कश्मीर में 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि में अधिवासी) उम्मीदवार की श्रेणी में है, को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी, जो कि भारत सरकार के नियमानुसार होगी । चयन हेतु सभी अर्हताएं बराबर होने की स्थिति में, ऐसे अभ्यर्थी, जो एनएचडीसी की परियोजना से विस्थापित हुए हैं उन्हें वरियता प्रदान की जाएगी। ऐसे अभ्यर्भियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।

13– अपूर्ण आवेदन अथवा निर्धारित प्रारूप में आवेदन नहीं होने वाले प्रकरण पर विचार नहीं किया जायेगा ।

14– आंतरिक अभ्यर्थी, जो आवश्यक अर्हताएं रखते हैं वे आवेदन हेतु पात्र होंगे ।

15– अधिकतम आयु सीमा एवं अनुभव की गणना दिनांक 01/11/2010 के अनुसार होगी।

## आवेदन कैसे करें –

हमारी वेबासाईट पर उपलब्ध आवेदन ए–4 साईज पेपर में निर्धारित प्रारूप एफ–एचआर–01:01/00 में दो प्रतियों में टाईप कर सभी प्रकार से पूर्ण करते हुए शैक्षिक योग्यता एवं आरक्षित वर्ग, विकलांग, अनुभव, आयु इत्यादि के सत्यापित प्रमाण–पत्र संलग्न कर एवं दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ आवेदन के दाहिनी ओर उपर में चिपकाकर, लिफाफे पर पद का नाम एवं विज्ञापन संख्या : एनएचडीसी/एचआर/भर्ती–V/2010 उल्लेखित करते हुए, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन)–भर्ती, एनएचडीसी लिमिटेड, एनएचडीसी परिसर, श्यामला हिल्स, भोपाल (मध्य प्रदेश) – 462 013 को दिनांक **08/11/2010** अतक भेजें । अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

हमारी वेबसाईट का पता : http://www.nhdcindia.com